**प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित एस0एल0एस0एम0सी0 की बैठक दिनांक 18.02.2021 का कार्यवृत्त।**

निदेशक, सूडा / मिशन निदेशक, एसएलएनए द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया आवास) हेतु 24 जनपदों की 70 नगर निकायों में 48372 आवासों की डीपीआर तैयार की गयी हैं तथा लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) हेतु 07 जनपदों की 15 नगर निकायों में 2099 आवासों की डीपीआर तैयार की गयी हैं, जिन्हें एसएलएसी द्वारा दिनांक 17.02.2021 को परीक्षण कर एसएलएसएमसी हेतु संस्तुति की गयी है। इस प्रकार लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया / विस्तार) के अन्तर्गत 24 जनपदों की 85 परियोजनाओं में कुल 50471 आवासों की डीपीआर एस0एल0ए0सी0 द्वारा परीक्षणोपरान्त समिति के अनुमोदन हेतु अग्रसारित किया गया है।

विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त एजेण्डा बिन्दुओं पर निम्नवत् निर्णय लिये गयेः–

**एजेण्डा बिन्दु सं0–01ः–प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया आवास) घटक में 24 जनपदों की 70 नगर निकायों में 48372 आवासों की डी0पी0आर0 एवं लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) घटक में 07 जनपदों की 15 नगर निकायों में 2099 आवासों की डी0पी0आर0 की स्वीकृति पर विचार।**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) हेतु 24 जनपदों की 70 नगर निकायों में 48372 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी है, जिनका विवरण निम्नवत हैः–

(धनराशि लाख में)

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **BLC - New Construction** | | | | | | | | |
| 1 | Aligarh | Khair NPP | 380 | 570.00 | 380.00 | 494.00 | 1444.00 | 4 |
| 2 | Aligarh | Jatari NP | 222 | 333.00 | 222.00 | 288.60 | 843.60 | 4 |
| 3 | Aligarh | Atrauli NPP | 257 | 385.50 | 257.00 | 334.10 | 976.60 | 4 |
| 4 | Badaun | Allapur NP | 530 | 795.00 | 530.00 | 689.00 | 2014.00 | 4 |
| 5 | Badaun | Rudayan NP | 247 | 370.50 | 247.00 | 321.10 | 938.60 | 4 |
| 6 | Badaun | Ujhani NPP | 419 | 628.50 | 419.00 | 544.70 | 1592.20 | 4 |
| 7 | Basti | Harraiya NP | 320 | 480.00 | 320.00 | 416.00 | 1216.00 | 4 |
| 8 | Basti | Basti NPP | 1040 | 1560.00 | 1040.00 | 1352.00 | 3952.00 | 4 |
| 9 | Etah | Marehra NPP | 192 | 288.00 | 192.00 | 249.60 | 729.60 | 4 |
| 10 | Etah | Etah NPP | 322 | 483.00 | 322.00 | 418.60 | 1223.60 | 4 |
| 11 | Etawah | Etawah NPP | 70 | 105.00 | 70.00 | 59.99 | 234.99 | 3 |
| 12 | Farrukhabad | Shamsabad NP | 287 | 430.50 | 287.00 | 245.95 | 963.45 | 3 |
| 13 | Farrukhabad | Kaimganj NPP | 260 | 390.00 | 260.00 | 222.81 | 872.81 | 3 |
| 14 | Fatehpur | Fatehpur NPP | 2247 | 3370.50 | 2247.00 | 1925.63 | 7543.13 | 3 |

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Firozabad | Firozabad NN | 11051 | 16576.50 | 11051.00 | 9503.86 | 37131.36 | 3 |
| 16 | Firozabad | Makhanpur NP | 816 | 1224.00 | 816.00 | 701.76 | 2741.76 | 3 |
| 17 | GB Nagar | Dankaur NP | 29 | 43.50 | 29.00 | 37.94 | 110.44 | 4 |
| 18 | Hardoi | Sandi NPP | 155 | 232.50 | 155.00 | 132.83 | 520.33 | 3 |
| 19 | Hardoi | Pihani NPP | 97 | 145.50 | 97.00 | 83.12 | 325.62 | 3 |
| 20 | Hardoi | Sandila NPP | 153 | 229.50 | 153.00 | 131.11 | 513.61 | 3 |
| 21 | Hardoi | Kursath NP | 220 | 330.00 | 220.00 | 188.54 | 738.54 | 3 |
| 22 | Hardoi | Kachhauna Patseni NP | 135 | 202.50 | 135.00 | 115.69 | 453.19 | 3 |
| 23 | Hardoi | Bilgram NPP | 368 | 552.00 | 368.00 | 315.37 | 1235.37 | 3 |
| 24 | Hardoi | Beniganj NP | 244 | 366.00 | 244.00 | 209.10 | 819.10 | 3 |
| 25 | Hathras | Purdilnagar NP | 57 | 85.50 | 57.00 | 74.10 | 216.60 | 4 |
| 26 | Hathras | Mursan NP | 50 | 75.00 | 50.00 | 65.00 | 190.00 | 4 |
| 27 | Hathras | Sahpau NP | 36 | 54.00 | 36.00 | 46.80 | 136.80 | 4 |
| 28 | Hathras | Sasni NP | 35 | 52.50 | 35.00 | 45.50 | 133.00 | 4 |
| 29 | Jhansi | Gauratha NP | 166 | 249.00 | 166.00 | 217.17 | 632.17 | 4 |
| 30 | Jhansi | Tondi Fatehpur | 1063 | 1594.50 | 1063.00 | 1390.69 | 4048.19 | 4 |
| 31 | Kanpur Nagar | Kanpur NN | 2482 | 3723.00 | 2482.00 | 2127.02 | 8332.02 | 3 |
| 32 | Lakhimpur kheri | Oel Dhakwa NP | 258 | 387.00 | 258.00 | 221.10 | 866.10 | 3 |
| 33 | Lakhimpur kheri | Mohammadi NPP | 505 | 757.50 | 505.00 | 432.77 | 1695.27 | 3 |
| 34 | Lakhimpur kheri | Barwar NP | 95 | 142.50 | 95.00 | 81.41 | 318.91 | 3 |
| 35 | Lakhimpur kheri | Singhai Bhiraura NP | 694 | 1041.00 | 694.00 | 907.94 | 2642.94 | 4 |
| 36 | Lakhimpur kheri | Lakhimpur NPP | 119 | 178.50 | 119.00 | 101.98 | 399.48 | 3 |
| 37 | Lakhimpur kheri | Dhaurehra NP | 573 | 859.50 | 573.00 | 491.03 | 1923.53 | 3 |
| 38 | Lucknow | Lucknow NN | 4391 | 6586.50 | 4391.00 | 3763.00 | 14740.50 | 3 |
| 39 | Lucknow | Malihabad NP | 365 | 547.50 | 365.00 | 312.80 | 1225.30 | 3 |
| 40 | Mahoba | Kharela NP | 889 | 1333.50 | 889.00 | 1155.70 | 3378.20 | 4 |
| 41 | Mainpuri | Mainpuri NPP | 860 | 1290.00 | 860.00 | 739.60 | 2889.60 | 3 |
| 42 | Mainpuri | Bhogaon NP | 98 | 147.00 | 98.00 | 84.28 | 329.28 | 3 |
| 43 | Mainpuri | Kusmara NP | 98 | 147.00 | 98.00 | 84.28 | 329.28 | 3 |
| 44 | Mainpuri | Jyoti khuria NP | 188 | 282.00 | 188.00 | 161.68 | 631.68 | 3 |
| 45 | Mainpuri | Bewar NP | 214 | 321.00 | 214.00 | 184.04 | 719.04 | 3 |
| 46 | Mau | Kopaganj NP | 413 | 619.50 | 413.00 | 355.18 | 1387.68 | 3 |
| 47 | Mirzapur | Kachhwa NP | 58 | 87.00 | 58.00 | 75.40 | 220.40 | 4 |
| 48 | Mirzapur | Ahraura NPP | 652 | 978.00 | 652.00 | 847.60 | 2477.60 | 4 |
| 49 | Mirzapur | Mirzapur NPP | 2619 | 3928.50 | 2619.00 | 3404.70 | 9952.20 | 4 |
| 50 | Muzzafar Nagar | Purquazi NP | 132 | 198.00 | 132.00 | 172.69 | 502.69 | 4 |
| 51 | Muzzafar Nagar | Sisauli NP | 138 | 207.00 | 138.00 | 180.54 | 525.54 | 4 |
| 52 | Muzzafar Nagar | Charthawal NP | 138 | 207.00 | 138.00 | 180.54 | 525.54 | 4 |
| 53 | Muzzafar Nagar | Muzzafar Nagar NPP | 425 | 637.50 | 425.00 | 556.01 | 1618.51 | 4 |
| 54 | Muzzafar Nagar | Miranpur NP | 170 | 255.00 | 170.00 | 222.41 | 647.41 | 4 |
| 55 | Muzzafar Nagar | Shahpur NP | 197 | 295.50 | 197.00 | 257.73 | 750.23 | 4 |
| 56 | Muzzafar Nagar | Budhana NP | 97 | 145.50 | 97.00 | 126.90 | 369.40 | 4 |

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 57 | Muzzafar Nagar | Khatauli NPP | 99 | 148.50 | 99.00 | 129.52 | 377.02 | 4 |
| 58 | Muzzafar Nagar | Bhokarhedi NP | 492 | 738.00 | 492.00 | 643.67 | 1873.67 | 4 |
| 59 | Pilibhit | Kalinagar NP | 264 | 396.00 | 264.00 | 345.41 | 1005.41 | 4 |
| 60 | Saharanpur | Nanauta NP | 151 | 226.50 | 151.00 | 197.54 | 575.04 | 4 |
| 61 | Saharanpur | Saharanpur NN | 3905 | 5857.50 | 3905.00 | 5108.79 | 14871.29 | 4 |
| 62 | Saharanpur | Behat NP | 75 | 112.50 | 75.00 | 98.12 | 285.62 | 4 |
| 63 | Saharanpur | Gangoh NPP | 177 | 265.50 | 177.00 | 231.56 | 674.06 | 4 |
| 64 | Siddharthnagar | Siddharthnagar NPP | 1009 | 1513.50 | 1009.00 | 1311.70 | 3834.20 | 4 |
| 65 | Siddharthnagar | Barhni Chafa NP | 380 | 570.00 | 380.00 | 494.00 | 1444.00 | 4 |
| 66 | Siddharthnagar | Bharat Bhari NP | 533 | 799.50 | 533.00 | 692.90 | 2025.40 | 4 |
| 67 | Siddharthnagar | Biskohar NP | 524 | 786.00 | 524.00 | 681.20 | 1991.20 | 4 |
| 68 | Siddharthnagar | Itwa NP | 335 | 502.50 | 335.00 | 435.50 | 1273.00 | 4 |
| 69 | Siddharthnagar | Kapil Vastu NP | 749 | 1123.50 | 749.00 | 973.70 | 2846.20 | 4 |
| 70 | Varanasi | Ramnagar NPP | 1343 | 2014.50 | 1343.00 | 1154.98 | 4512.48 | 3 |
| | **Total** | | **48372** | **72558.00** | **48372.00** | **50547.58** | **171477.58** | |

प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन की गाइडलाइन्स के अनुसार लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक में ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी के लिए नये आवास हेतु अधिकतम 30 वर्ग मीटर कारपेट एरिया का प्राविधान है। भूकम्पीय क्षेत्र–3 में 28 नगर निकायों में 28105 आवास प्रस्तावित है, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया 21.81 वर्ग मी0 रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत रु0 3.36 लाख है। परियोजना की कुल लागत रु0 94,393.41 लाख, जिसमें केन्द्रांश रु0 42,157.50 लाख, राज्यांशरु0 28,105.00 तथा लाभार्थी अंशदान रु0 24,130.91 लाख है। भूकम्पीय क्षेत्र–4 में 42 नगर निकायों में 20267 आवास प्रस्तावित है, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया 21.77 वर्ग मी0 रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत रु0 3.80 लाख है। परियोजना की कुल लागत रु0 77,084.17 लाख, जिसमें केन्द्रांश रु0 30,400.50 लाख, राज्यांशरु0 20,267.00 तथा लाभार्थी अंशदान रु0 26,416.67 लाख है। नये आवास निर्माण के लिए रू0 1.50 लाख प्रति आवास केन्द्रांश के सापेक्ष राज्यांश के रूप में रु0 1.00 लाख प्रति आवास दिया जायेगा, शेश धनराशि लाभार्थी द्वारा अंशदान/श्रमदान के रूप में स्वयं वहन की जायेगी। उक्त सभी लाभार्थियों का सत्यापन जनपद स्तर पर कराया जा चुका है। उपरोक्त 24 जनपदों की 70 नगर निकायों में 48372 आवासों की डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रु0 1,71,477.58 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 72,558.00 लाख, राज्यांश रु0 48,372.00 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 50,547.58 लाख है।

लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) हेतु 07 जनपदों की 15 नगर निकाय में 2099 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत है:–

(धनराशि लाख में)

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **BLC - Enhancement** | | | | | | | | |
| 1 | Aligarh | Atrauli NPP | 263 | 394.50 | 253.47 | 0.00 | 647.97 | 4 |
| 2 | Etah | Marehra NPP | 26 | 39.00 | 15.08 | 0.00 | 54.08 | 4 |

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Etah | Etah NPP | 60 | 90.00 | 43.36 | 0.00 | 133.36 | 4 |
| 4 | Farrukhabad | Kampil NP | 298 | 447.00 | 298.00 | 10.04 | 755.04 | 3 |
| 5 | Farrukhabad | Kaimganj NPP | 99 | 148.50 | 99.00 | 3.33 | 250.83 | 3 |
| 6 | Farrukhabad | Farrukhabad NPP | 51 | 76.50 | 51.00 | 1.72 | 129.22 | 3 |
| 7 | Hardoi | Pihani NPP | 212 | 318.00 | 212.00 | 7.14 | 537.14 | 3 |
| 8 | Hardoi | Sandi NPP | 129 | 193.50 | 129.00 | 4.35 | 326.85 | 3 |
| 9 | Hardoi | Kursath NP | 53 | 79.50 | 53.00 | 1.79 | 134.29 | 3 |
| 10 | Hardoi | Bilgram NPP | 139 | 208.50 | 139.00 | 4.68 | 352.18 | 3 |
| 11 | Hardoi | Kachhauna Patseni NP | 160 | 240.00 | 160.00 | 5.39 | 405.39 | 3 |
| 12 | Lucknow | Malihabad NP | 20 | 30.00 | 3.15 | 0.00 | 33.15 | 3 |
| 13 | Mainpuri | Mainpuri NPP | 335 | 502.50 | 296.35 | 0.00 | 798.85 | 3 |
| 14 | Pilibhit | Kalinagar NP | 174 | 261.00 | 167.69 | 0.00 | 428.69 | 4 |
| 15 | Mainpuri | Bewar NP | 80 | 120.00 | 70.77 | 0.00 | 190.77 | 3 |
| | **Total** | | **2099** | **3148.50** | **1990.87** | **38.44** | **5177.81** | |

प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन की गाइडलाइन्स के अनुसार लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक में ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी के लिए आवासों के विस्तार हेतु न्यूनतम 9 वर्ग मी0 तथा अधिकतम 21 वर्ग मीटर कारपेट एरिया का प्राविधान है। भूकम्पीय क्षेत्र–3 में 11 नगर निकाय में 1576 आवास प्रस्तावित हैं, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया आवष्यकतानुसार 21 से 30 वर्ग मी0 रखा गया है। परियोजना की कुल लागत रु0 3,913.71 लाख, जिसमें केन्द्रांश रु0 2,364.00 लाख, राज्यांश रु0 1,511.27 तथा लाभार्थी अंशदान रु0 38.44 लाख है। भूकम्पीय क्षेत्र–4 में 04 नगर निकाय में 523 आवास प्रस्तावित हैं, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया आवश्यकतानुसार 21 से 30 वर्ग मी0 रखा गया है। परियोजना की कुल लागत रु0 1,264.10 लाख, जिसमें केन्द्रांश रु0 784.50 लाख, राज्यांश रु0 479.60 तथा लाभार्थी अंशदान शून्य है।

आवास विस्तार के लिए रू0 1.50 लाख तक केन्द्रांश से वहन की जायेगी तथा रु0 1.50 से रु0 2.50 तक राज्यांश के रूप में रु0 1.00 लाख प्रति आवास आवष्यकतानुसार दिया जायेगा। रु0 2.50 तक लाभार्थी द्वारा कोई अंशदान की राषि वहन नहीं की जायेगी, परन्तु रु0 2.50 से अधिक होने पर धनराशि लाभार्थी द्वारा अंशदान/श्रमदान के रूप में स्वयं वहन की जायेगी। उपरोक्त 07 जनपदों की 15 नगर निकायों में कुल 2099 आवासों की डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रु0 5,177.81 लाख, जिसमें केन्द्रांश रु0 3,148.50 लाख, राज्यांश रु0 1,990.87 तथा लाभार्थी अंशदान रु0 38.44 लाख है।

उपरोक्तानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) घटक के अन्तर्गत 24 जनपदों की 70 परियोजनाओं में 48372 आवासों तथा आवास निर्माण (विस्तार) घटक के अन्तर्गत 07 जनपदों की 15 परियोजनाओं में 2099 आवास, कुल 24 जनपदों की 85 परियोजनाओं में **50471 आवासों** हेतु समिति द्वारा विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की जाती है।

उपरोक्त बिन्दु के सम्बन्ध में निदेशक, सूडा द्वारा बताया गया कि सभी तथ्य गाईडलाईन्स के अनुरूप है और उनके द्वारा परीक्षण कर लिया गया है। परीक्षणोपरान्त तथ्य सहीं पाये गये हैं।

**<u>एजेण्डा बिन्दु सं0-02:-प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत 08 जनपदों की 20 नगर निकायों के हाऊसिंग फार ऑल प्लान ऑफ एक्शन की स्वीकृति पर विचार।</u>**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत 08 जनपदों की 20 नगर निकायों के प्लान ऑफ एक्शन तैयार कर दिये गये हैं, जिसका विवरण निम्नवत है:-

| S. No. | District | ULB | Approved after validation | | | | | | Financial Status (in Lacs) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | ISSR | CLSS | AHP | BLC (N) | BLC (E) | Total | Central Share | State Share | Benef. Share | Total |
| 1 | Azamgarh | Nizamabad NP | 0 | 100 | 27 | 257 | 29 | 413 | 1325.50 | 736.50 | 276.00 | 2338.00 |
| 2 | Azamgarh | Atraulia NP | 0 | 231 | 84 | 62 | 294 | 671 | 1276.77 | 440.00 | 474.16 | 2190.93 |
| 3 | Azamgarh | Azamgarh NPP | 0 | 494 | 455 | 474 | 42 | 1465 | 2775.48 | 971.00 | 1319.05 | 5065.53 |
| 4 | Azamgarh | Mehnagar NP | 0 | 263 | 0 | 62 | 294 | 619 | 991.71 | 193.00 | 155.24 | 1339.95 |
| 5 | Azamgarh | Mubarakpur NPP | 0 | 94 | 25 | 597 | 19 | 735 | 1212.48 | 641.00 | 564.06 | 2417.54 |
| 6 | Azamgarh | Phulpur NP | 0 | 231 | 84 | 48 | 12 | 375 | 1276.77 | 440.00 | 474.16 | 2190.93 |
| 7 | Ballia | Ballia NPP | 0 | 293 | 661 | 700 | 368 | 2022 | 3375.81 | 1729.00 | 2275.33 | 7380.14 |
| 8 | Bareilly | Bisharatgaj NP | 0 | 107 | 46 | 507 | 262 | 922 | 1508.19 | 815.00 | 781.95 | 3105.14 |
| 9 | Firozabad | Fariha nagar NP | 0 | 123 | 1 | 128 | 131 | 383 | 568.41 | 160.00 | 113.12 | 841.53 |
| 10 | Gonda | Gonda NPP | 0 | 463 | 122 | 965 | 7 | 1557 | 2877.21 | 1094.00 | 1499.32 | 5470.53 |
| 11 | Lakhimpur Kheri | Barwar NP | 0 | 116 | 242 | 1125 | 171 | 1654 | 2616.72 | 1538.00 | 1966.63 | 6121.35 |
| 12 | Lakhimpur Kheri | Mailani NP | 0 | 139 | 41 | 377 | 12 | 569 | 1016.13 | 430.00 | 573.51 | 2019.64 |
| 13 | Lakhimpur Kheri | Golakokaran NP | 0 | 200 | 625 | 539 | 217 | 1581 | 2606.50 | 1381.00 | 1976.25 | 5963.75 |
| 14 | Maharajganj | Anandnagar NP | 0 | 9 | 79 | 105 | 122 | 315 | 483.03 | 306.00 | 308.86 | 1097.89 |
| 15 | Maharajganj | Ghughuli NP | 0 | 265 | 57 | 501 | 38 | 861 | 1601.55 | 596.00 | 769.77 | 2967.32 |
| 16 | Maharajganj | Maharajganj NPP | 0 | 706 | 271 | 1701 | 636 | 3314 | 5797.00 | 2290.00 | 5104.30 | 13191.30 |
| 17 | Maharajganj | Nautanwan NPP | 0 | 324 | 14 | 1013 | 232 | 1583 | 2753.60 | 1143.00 | 2423.80 | 6320.40 |
| 18 | Maharajganj | Nichlaul NP | 0 | 161 | 12 | 921 | 580 | 1674 | 2699.40 | 1223.00 | 1757.40 | 5679.80 |
| 19 | Maharajganj | Siswa Bazar NP | 0 | 205 | 14 | 669 | 298 | 1186 | 2018.90 | 832.00 | 1580.40 | 4431.30 |
| 20 | Rae Bareilly | Rae Bareilly NPP | 0 | 198 | 2812 | 1243 | 128 | 4381 | 6803.16 | 4183.00 | 6697.29 | 17683.45 |
| | **Total** | | **0** | **4722** | **5672** | **11994** | **3892** | **26280** | **45584.32** | **21141.50** | **31090.60** | **97816.42** |

08 जनपदों की 20 नगर निकायों के प्लान ऑफ एक्शन में उपरोक्त योजना के विभिन्न घटकों कुल 26280 लाभार्थी चिन्हित किये गये। चिन्हित लाभार्थियों में सीएलएसएस घटक में 4722 लाभार्थी,

भागीदारी में किफायती आवास (ए0एच0पी0) घटक में 5672 लाभार्थी, लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) (बी0एल0सी0–एन0) घटक में 11994 लाभार्थी तथा लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) (बी0एल0सी0–ई0) घटक में 3892 लाभार्थी सम्मिलित हैं, जिसमें केन्द्रांश रु0 45,584.32 लाख़, राज्यांश रु0 21,141.50 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 31,090.60 लाख है।

उपरोक्त 08 जनपदों की 20 निकायों के हाऊसिंग फार ऑल प्लान आफ एक्शन हेतु समिति द्वारा विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की जाती है।

उपरोक्त बिन्दु के सम्बन्ध में निदेशक, सूडा द्वारा बताया गया कि सभी तथ्य गाईडलाईन्स के अनुरूप है और उनके द्वारा परीक्षण कर लिया गया है। परीक्षणोपरान्त तथ्य सहीं पाये गये हैं।

**<u>एजेण्डा बिन्दु सं0–03:–भागीदारी में किफायती आवास (AHP) घटक के अन्तर्गत लखनऊ विकास प्राधिकरण की 288 आवासों की परियोजनाओं में 144 आवासों के स्थल परिवर्तन किए जाने की स्वीकृति।</u>**

अवगत कराया गया कि भागीदारी में किफायती आवास घटक के अन्तर्गत लखनऊ विकास प्राधिकरण की 288 आवासों की जानकीपुरम सैक्टर–जे परियोजना 38वी सीएसएमसी में स्वीकृत परियोजना हेतु चयनित स्थल का तकनीकी कारणों से स्थल परिवर्तन करते हुए दिनांक 29.07.2020 की एस0एल0एस0एम0सी0 में जानकीपुरम सैक्टर–जे के स्थान पर बसन्त कुंज सैक्टर–आई में स्थानान्तरित किये जाने हेतु अनुमोदन दिया गया था। सेक्टर–आई में तत्समय विकास कार्य पूर्ण न होने के कारण सेक्टर–एन में स्थल की उपलब्धता के अनुसार 288 में से 144 भवनों का निर्माण कार्य लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा प्रारम्भ करा दिया गया है, जिसका रेरा पंजीकरण कराया जा चुका है।

योजनान्तर्गत पूर्व से ही बसन्त कुंज सेक्टर–एन में 2112 अन्य आवासों का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त के क्रम में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा 144 आवासों का स्थल परिवर्तन बसन्त कुंज सेक्टर–आई से बसन्त कुंज सेक्टर–एन में किये जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसकी संस्तुति आवास बन्धु द्वारा की गयी है। स्थल परिवर्तन के कारण परियोजना हेतु स्वीकृत केन्द्रांश, राज्यांश एवं लाभार्थी अंशदान में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की उपरोक्त परियोजना में 144 आवासों का उक्त कारणों से स्थल परिवर्तन किये जाने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की जाती है।

परन्तु बार–बार स्थल परिवर्तन करने के प्रस्ताव से यह स्पष्ट होता है कि इसकी कार्ययोजना दक्षता से नहीं बनायी गयी। इसके लिये उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाय तथा कृत कार्यवाही से नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग को अवगत कराया जाय। इसके साथ इस योजना के नोडल आवास बन्धु से सम्बन्धित का भी स्पष्टीकरण प्रमुख सचिव, आवास द्वारा प्राप्त किया जाय।

उपरोक्त बिन्दु के सम्बन्ध में निदेशक, सूडा द्वारा बताया गया कि सभी तथ्य गाईडलाईन्स के अनुरूप है और उनके द्वारा परीक्षण कर लिया गया है। परीक्षणोपरान्त तथ्य सहीं पाये गये हैं।

**<u>एजेण्डा बिन्दु सं0–04:–</u>प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत नगर निगम अयोध्या में प्रदर्शन आवासीय परियोजना (Demonstration Housing Project) के निर्माण की स्वीकृति।**

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तकनीकी सबमिशन के अन्तर्गत निर्मित किए जाने वाले प्रदर्शन आवासीय परियोजना (Demonstration Housing Project) का उद्देश्य भवन निर्माण की नवीन तकनीकों को प्रोत्साहन देना एवं लोकप्रिय बनाना है। प्रदर्शन आवासीय परियोजना (Demonstration Housing Project) में सामाजिक उपयोग जैसे–नाइट शेल्टर, अनाथालय, वृद्धाश्रम अथवा समाज कल्याण हेतु सरकार द्वारा अन्य कार्यों हेतु आवासों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना में राष्ट्रीय भवन संहिता (NBC) के प्राविधानों को लागू करते हुए भूकम्परोधी तथा वातावरण अनुकूल भवनों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें सामुदायिक केन्द्र, खुले स्थान, सड़कें, जलापूर्ति की व्यवस्था आदि भी सम्मिलित होगीं। सामाजिक गतिविधियों हेतु उपयोग किए जाने पर परियोजना का समस्त व्ययभार भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

उक्त के क्रम में नगर आयुक्त/परियोजना निदेशक, अयोध्या द्वारा पत्रांक–1448/डूडा/2020–21 दिनांक 17.02.2021 द्वारा अवगत कराया गया है कि मा0 मुख्मयंत्री जी द्वारा की गयी घोशणा के अनुपालन में जिला प्रोबेशन अधिकारी/महिला कल्याण, अयोध्या द्वारा जनपद अयोध्या में निराश्रित विधवाओं एवं अनाथ बच्चों के लिए आश्रम स्थल (माता कौशल्या) हेतु ग्राम मलिकपुर, परगना अवध, तहसील सदर में 5.0 एकड़ भूमि चयनित की गयी थी। उक्त भूमि पर भविष्य में अयोध्या की महत्ता को देखते हुए प्रदर्शन आवासीय योजना (Demonstration Housing Project) द्वारा कौशल्या सदन का निर्माण कराये जाने हेतु प्रस्ताव उपलबध कराया गया है।

नगर निगम अयोध्या द्वारा चयनित भूमि पर प्रदर्शन आवासीय योजना (Demonstration Housing Project) द्वारा कौशल्या सदन का निर्माण का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किए जाने हेतु समिति द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति इस निर्देश के साथ प्रदान की जाती है कि इस परियोजना का संचालन नगर निगम अयोध्या द्वारा किया जाएगा।

इस सम्बन्ध में नगर निगम, अयोध्या से अण्डरटेकिंग ले लिया जाय।

**राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति द्वारा निर्देश दिये गए:–**

1. बैठक बहुत अल्पअवधि में भारत सरकार की बैठक से 04 दिन पूर्व ही बुलायी गयी है। यह दर्शाता है कि निदेशक, सूडा द्वारा इतनी महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार की एडवांस प्लानिंग नहीं की गयी है, मात्र औपचारिकता पूर्ण करने हेतु बैठक प्रस्तावित की गई। यह नितान्त आपत्तिजनक है। भविष्य में बैठक ससमय रखी जाय।
2. समिति की गत बैठक दिनांक 15.12.2020 में एजेण्डा बिन्दु संख्या–2 में प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन अन्तर्गत 24 जनपदों की 169 नगर निकायों के हाऊसिंग फॉर आल प्लान आफ एक्शन की स्वीकृति प्रदान की गयी थी तथा समिति द्वारा अवशेष 27 प्लान आफ एक्शन एक माह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। 27 में से एक प्लान आफ एक्शन भारत सरकार में स्वीकृत हेतु लम्बित है अवशेष 26 प्लान आफ एक्शन में 20 प्लान आफ एक्शन प्राप्त हो चुके हैं तथा 06 प्लान आफ एक्शन शेष हैं, जिनकी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त के सापेक्ष अनुपालन आख्या असंतोषजनक है। इस विषयक दो माह का समय व्यतीत होने के उपरान्त भी कार्यवाही पूर्ण नहीं की गयी है।

इस विषय में एक सप्ताह में सम्बन्धित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कन्सलटेन्सी (पी0एम0सी0) का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाय।

3. समिति की गत बैठक दिनांक 15.12.2020 में एजेण्डा बिन्दु संख्या–3 में वित्तीय वर्ष 2017–18 तक योजनान्तर्गत बी0एल0सी0 घटक में स्वीकृत परियोजनाओं में से जनपद–चन्दौली, गाजीपुर, अलीगढ़, औरैया, मेरठ व महराजगंज से अभ्यपर्ण की 15 परियोजनायें लम्बित हैं, जिसकी समीक्षा हेतु निर्देश दिये गये थे। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2018–19 में स्वीकृत बी0एल0सी0 घटक की परियोजनाओं में नियमानुसार अभ्यपर्ण की प्रक्रिया पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये थे। 13 परियोजनाओं में अभ्यपर्ण की डी0पी0आर0 प्राप्त हो चुकी है। जनपद–चन्दौली एवं गाजीपुर की एक–एक डी0पी0आर लम्बित है। उक्त के क्रम में अनुपालन आख्या भी नितान्त असंतोषजनक है। लम्बित डी0पी0आर0 एक सप्ताह में पूर्ण कराते हुये अनुपालन आख्या प्रस्तुत की जाय।

4. समिति की गत बैठक दिनांक 15.12.2020 में एजेण्डा बिन्दु संख्या–4 में भागीदारी में किफायती आवास घटक की 84 अनारम्भ परियोजनाओं में कार्य प्रारम्भ न होने की समीक्षा किये जाने एवं यदि परियोजना को प्रारम्भ किया जाना सम्भव न हो तो अभ्यपर्ण हेतु यथोचित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में दर्शायी गयी अनुपालन आख्या में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि जो 59 परियोजनायें अभी भी बची हुई हैं उनके विषय में निदेशक, सूडा के स्तर से क्या कार्यवाही की गयी तथा उक्त बैठक में दिये गये निर्देशों को लेकर आज तक इस विषय में क्या प्रयास किये गये, के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जाय।

5. लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास का निर्माण अथवा विस्तार घटक में 1470874 स्वीकृत आवासों के सापेक्ष मात्र 932133 आवास प्रारम्भ हुये हैं तथा 538741 आवास अभी भी अनारम्भ हैं। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कन्सलटेन्सी (पी0एम0सी0) एवं इसके लिये जिम्मेदार अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाय।

6. भागीदारी में किफायती आवास घटक अन्तर्गत कुल स्वीकृत 132628 आवासों के सापेक्ष 40871 आवास आरम्भ हुये हैं तथा 91757 आवास अभी भी अनारम्भ है। इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, आवास से आख्या प्राप्त कर ली जाय।

7. योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति वित्तीय वर्षवार लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति को दर्शाते हुये प्रस्तुत किया जाय।

**(डा0 रजनीश दुबे)**
अपर मुख्य सचिव।

**उत्तर प्रदेश शासन**
**नगरीय रोजगार एवं गरीबी**
**उन्मूलन कार्यक्रम विभाग**

संख्या:—586 / 69—1—2021—14(235) / 2015
लखनऊ : दिनांक : 04-जून, 2021

## कार्यालय—आदेश

**उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है:—**

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. संयुक्त सचिव, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार।
4. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार।
5. प्रमुख सचिव / अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. प्रमुख सचिव / अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. प्रमुख सचिव / अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. प्रमुख सचिव / अपर मुख्य सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
9. प्रमुख सचिव / अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण विभाग, उ0प्र0 शासन।
10. प्रमुख सचिव / अपर मुख्य सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
11. निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
12. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0।
13. निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश।
14. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन, उत्तर प्रदेश।
15. संयोजक, राज्य स्तरीय बैकर्स समिति, बैक ऑफ बड़ौदा।

(अखिलानन्द **ब्रह्मचारी**)
उप सचिव।